आकाशवाणी श्री विजयपुरम
दिनांक : 02.11.2025
समय : 0705

<><><><><><><>

- युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा– फिटनेस को एक स्वस्थ समाज के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक ज़िम्मेदारी के रूप में देखना चाहिए।
- द्वीपसमूह में अंतर राज्यीय मॉक अभ्यास चार नवम्बर को आयोजित किया जाएगा।
- जीएसटी दरों में इस वर्ष अक्तूबर के कुल सकल वस्तु और सेवा कर –जीएसटी संग्रह में अक्टूबर दो हजार चौबीस की तुलना में चार दशमलव छह प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई।
- द्वीपसमूह में सतर्कता जागरूकता सप्ताह "सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी" विषय के साथ मनाया जा रहा है।

<><><><><><><>

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने का भारत का सपना तब तक पूरा नहीं हो सकता जब तक फिटनेस राष्ट्रीय प्राथमिकता नहीं बन जाती। मुंबई में कल राष्ट्रीय फिटनेस और वेलनेस सम्मेलन में श्री मांडविया ने कहा कि फिटनेस को एक स्वस्थ समाज के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक ज़िम्मेदारी के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य, व्यवसाय और कल्याण को फिटनेस के तीन आयामों के रूप में परिभाषित किया। श्री मांडविया ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था लगभग आठ प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि मध्यम और उच्च–मध्यम वर्ग का उत्थान, बेहतर जीवन स्तर की नई संभावनाएं पैदा कर रहा है, जिनमें फिटनेस एक महत्वपूर्ण घटक है। श्री मांडविया ने कहा कि भारत की पैंसठ प्रतिशत आबादी पैंतीस वर्ष से कम आयु की है और खेलों के प्रति युवाओं की संख्या और उत्साह बढ रहा है। उन्होंने कहा कि यह देश के पास एक मज़बूत फिटनेस परिस्थितिकी तंत्र बनाने का एक अच्छा अवसर है। श्री मांडविया उद्योग जगत से खेल के सामान, जिम उपकरण और पोषण उत्पादों के घरेलू विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। उन्होंने उद्योग जगत से आयातक की जगह निर्यातक बनने का लक्ष्य रखने का आग्रह किया ।

><><><><><>

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के समन्वय में कल मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार की अध्यक्षता में एक टेबल टॉप अभ्यास का आयोजन किया गया। चार नवम्बर को सुनामी पर होने वाले

अंतर–राज्यीय मॉक अभ्यास के लिए आयोजित बैठक में प्रशासन के सभी संबंधित विभागों, जिला प्रशासन के प्रतिनिधियों, सशस्त्र बलों, एनडीआरएफ, पुलिस और अन्य हितधारकों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने सभी हितधारकों और संबंधित विभागों द्वारा मानक संचालन प्रक्रियाओं, संचार प्रोटोकॉल और संसाधन जुटाने की योजनाओं की समीक्षा करने पर प्रकाश डाला। प्रतिभागियों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए, एनडीएमए के सदस्य, लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने इस बात पर ज़ोर दिया कि इस तरह के अभ्यासों का उद्देश्य न केवल प्रक्रियाओं का पूर्वाभ्यास करना है, बल्कि सामूहिक रूप से सोचना, योजना बनाना और कार्य करना भी है।

इस बीच, द्वीपों के विभिन्न विभागों में स्थापित सायरन 4 नवम्बर को सुबह आठ बजकर पन्द्रह मिनट से साढ़े दस बजे तक आयोजित होने वाले मॉक अभ्यास के दौरान बजाए जाएंगे। लोगों से कहा गया है कि सायरन बजने के दौरान घबराएं नहीं। किसी भी अप्रत्याशित परिवर्तन या अपडेट की स्थिति में, जनता को स्थानीय समाचार, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

><><><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो आज शाम पांच बजकर छब्बीस मिनट पर देश के सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस–03 का प्रक्षेपण करेगा। यह प्रक्षेपण आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से किया जाएगा। सीएमएस–03 एक बहु–बैंड सैन्य संचार उपग्रह है, जिसे जीसैट–7आर के नाम से भी जाना जाता है। इसे देश के सबसे शक्तिशाली रॉकेट, लॉच वेहिकल मार्क 3 के माध्यम से प्रक्षेपित किया जाएगा। इसरो ने कहा कि यह उपग्रह है भारतीय भूभाग सहित समुद्री क्षेत्र में विस्तृत सेवाएँ प्रदान करेगा। एलवीएम3 रॉकेट भारत का सबसे भारी प्रक्षेपण यान है और चार हजार किलोग्राम तक का भार अंतरिक्ष में ले जा सकता है। इसने चंद्रयान–3 जैसे चंद्रमा मिशनों का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया है, जिससे भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सफलतापूर्वक उतरने वाला पहला देश बना। सीएमएस–03 उपग्रह से नौसेना के लिए कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा। यह उच्च क्षमता वाली बैंडविड्थ भी प्रदान करेगा, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों तक डिजिटल पहुँच में सुधार होगा।

><><><><><><>

जीएसटी दरों में बाईस सितंबर से लागू कटौती के बाद इस वर्ष अक्तूबर के कुल सकल वस्तु और सेवा कर –जीएसटी संग्रह में अक्टूबर दो हजार चौबीस की तुलना में चार दशमलव छह प्रतिशत वृद्धि दर्ज

हुई। अक्तूबर दो हजार चौबीस में जीएसटी संग्रह एक लाख सत्तासी हजार करोड़ रूपये था। इस वर्ष अक्टूबर में यह बढ़कर एक लाख पचानब्बे हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया।

नरेंद्र मोदी सरकार ने बाईस सितंबर को वस्तु और सेवाकर– जीएसटी दरों में कटौती के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत की थी। इससे पूरे देश के नागरिकों को लाभ हुआ। पर्यटन के क्षेत्र में जी एस टी सुधार से मिलने वाले लाभ के बारे में आटो के अध्यक्ष एम विनोद ने कहा

><><><><><>

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल के तहत और गृह मंत्रालय, के निर्देशानुसार, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़, दिल्ली, लक्षद्वीप, पुडुचेरी और अंडमान निकोबार द्वीपसमूह का स्थापना दिवस कल राज निवास में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान, एक संवाद और अनुभव साझा करने का सत्र आयोजित किया गया ।

><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी सतर्कता जागरूकता सप्ताह सत्ताईस अक्टूबर से दो नवंबर तक "सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी" विषय के साथ मनाया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य लोक प्रशासन में ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना है। इस सिलसिले में कल सचिवालय में सतर्कता विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रशासन के विभिन्न विभागों के कार्यालय अधीक्षकों और उप सचिवों सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में अनुशासन बनाए रखने और प्रभावी समय प्रबंधन के महत्व पर बल दिया। इस अवसर पर, आयुक्त–सह–सचिव, सतर्कता डॉ. सचिन शिंदे, ने निवारक सतर्कता को बढ़ावा देने में प्रतिभागियों की प्रासंगिकता और भूमिका पर प्रकाश डाला।

><><><><><>

कैम्पबेल बे के मिनी स्टेडियम में कल एस डी पी ओ फुटबॉल 7 सिरीज का फाइनल मैच मछुआरा कॉलोनी टीम और पुलिस विभाग की टीम के बीच खेला गया। मैच में मछुआरा टीम ने पैनल्टी कॉर्नर में तीन–दो से जीत हासिल की। इस प्रतियोगिता में कुल पच्चीस टीमो ंने भाग लिया था। विजेता टीम को तीस हजार और उप–विजेता टीम को बीस हजार की नकद राशि से सम्मानित किया गया।

><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन ने कर्मचारी चयन आयोग के सहयोग से ग्रुप 'सी' पदों के लिए सामान्य मैट्रिक स्तरीय भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा की एक सौ छप्पन उम्मीदवारों की प्रतीक्षा सूची जारी की गई है।

**><><><><><><>**